निघण्ट भाषा ॥

मदनपालविरचित

जिसमें

औषधों के अनेक नाम और स्नानदन्तधाव-
नादि के गुण अतिसुगमता के साथ
भाषा में वर्णित हैं।

उसीको

प्रोप्राइटर सेठ टीकारामजीने निज
"ज्ञानभास्कर प्रेस" बाराबङ्की में
छपाकर प्रकाशित किया।

सन् १९०५ ई०

निघण्टभाषा का सूचीपत्र ॥

इति प्रथम वर्गः

बनस्पतिवर्गः पंचमः ॥

इति



निघण्ट भाषा प्रारम्भः॥

प्रथम हड़ के नाम ॥

शिवा १ हरीतकी २ पत्थ्या ३ चेतकी ४ विजया ५ जया ६ प्रमत्थ्या ७ प्रसथा ८ अमोघा ९ कायस्था १० प्राणदा ११ अमृता १२ जीवनीया १३ हेमवती १४ पूतना १५ वृन्तना १६ अभया १७ जवस्था १८ नन्दिनी १९ श्रेयसी २० रोहिणी २१ यह २१ नाम हड़के हैं (हड़के गुण) हड़में ५ गुणहैं १ मीठा और कसैला २ खट्टा ३ कड़ुवा ४ तेज ५ रूखीहै १ औरगर्म है २ दीपनीहै ३ बुद्धिको बढ़ावनेवालीहै ४ और पचने के समय मीठीहै ५ रसायनीहै ६ बुद्धिकी दाताहै ७ और आयुर्दाको बढ़ातीहै ८ बलको बढ़ातीहै ९ हलकी है १० और दमा ११ खांसी १२ प्रमेह १३ ववासीर १४ और कुष्ठ १५ और जठररोग १६ और कृमिको दूर करती है १७ संग्रहणी १८ कब्ज़ १९ विषमज्वर २० गोला २१ पेटके अफरेको खोती है २२ फोड़े २३ छर्दि २४ हुचकी २५ और खाज २६ हौलदिल २७

कमलवायु २८ शूल २९ तापतिल्ली ३० मीठें और खट्टे स्वादसे तो बायुको दूर करती है और कसैले स्वादसे पित्तको हरतीहै औ कडुवे और तेजसों कफ को हरतीहै हड़में यह तासीरहै इतने रोगोंको हरै हैं (आंवलेकेनाम) धात्रीफल १ अमृतफल २ आमलक ३ श्रीफल ४ शिव ५ (आंवलेके गुण) पुष्टहै १ औरसब गुण इसमें हड़के तुल्यहैं विशेष करके रक्तपित्तको जीतेहै खट्टाहै ताते पवनको दूर करताहै और मीठा औरठंढाहै ताते पित्तको दूरकरताहै और रूखा और कसैलाहै ताते कफको नाशकरताहै इतिगुणं (बहेड़ा के नाम) बिभीत १ कर्षफल २ भूतावास ३ कलिद्रुम ४ ये चार नामहैं (बहेड़ेके गुण) खानेमें गर्म है और लगानेमें ठंढाहै खांसीको दूरकरताहै रूखाहै आंखों के वास्ते मुफीदहै बालोंको बढ़ाताहै और मींगी उसकी नशालातीहै इतनेइसमें गुणहैं (त्रिफलाकेनाम) हड़ तीनभाग और आंवला बारहभाग और बहेड़ा६ भाग इसकोत्रिफलाकहतेहैं औरबरा और श्रेष्ठाऔर फलोतना भी कहतेहैं (त्रिफलाकेगुण) कुष्ठरोग और प्रमेह और लोहू और कफ और पित्तको दूर करता है और नेत्रों को मुफ़ीद है और दिलको कुव्वत देताहै त्रिफलामें इतने फ़ायदे हैं (भूमिआंवला के नाम) भूधात्रि १ बहुपत्रा २ जाटा ३ तामलकी ४ शिव ५ (इसकेगुण) बायुको पैदा करे है १ और तेज है २ कसैला है ३ और मीठा है ४ ठण्ढा है ५ और प्यासको ६ और पित्तको ७ और लोहूको ८ कफको ९

और जख्म को दूर करताहै इतने गुणहैं (पानी आंवला के नाम) प्राचीन १ आमलक २ नागर ३ रक्तक ४ ये नामहैं (पानी आंवला के गुण) पक्का होयतो पित्त और कफको पैदा करताहै और गर्म्महै और भारीहै और बायुको जीतताहै ये गुणहैं (बांसाकेनाम) बांसा १ वृष २ सिंहमुखी ३ भिषङ्था ४ नाद५ रूक्षक६ (बांसा के गुण) बायुकोपैदाकरैहै १ और कफको २ और पित्तको ३ और लोहूको ४ दूरकरैहै और दमा ५ खांसी को ६ ज्वर ७ छर्दि ८ प्रमेह ९ कुष्ठ १० क्षयी रोगको दूर करताहै इतने रोगों को नाश करैहै (गिलोयके नाम) गुडूची १ कुण्डली २ छिन्ना ३ वयस्था ४ अमृत ५ बल्लुरा ६ छिन्नोद्भवा ७ छिन्नरुहा ८ अमृता ९ ज्वरबिनाशिनी १० बत्साद ११ नीन १२ चन्द्रहासी १३ जावन्ती १४ चक्रलक्षण १५ (गिलोय के गुण) कडुवीहै और हलकीहै १ पचने के समय मीठी है २ रसायनी है ३ कब्ज़ करैहै ४ कसैलीहै ५ गर्म्महै ६ बलको बढ़ातीहै ७ तेजहै ८ पेटकी अग्निको दीप्तकरतीहै ९ कमलबायु १० कुष्ठ ११ बायु १२ लोहू १३ ज्वर १४ पित्त १५ और छर्दिको जीतै है गिलोय में येगुणहैं (बेलकेनाम) बिध्वंसनींद १ और शैलूष २ मालूर ३ सदाफल ४ लक्ष्मीफल ५ गन्धकर्भ ६ शांडिल्य ७ कण्टकी ८ इतने नामहै (बेलकेगुण) कब्ज़ करैहैं १ कसैलाहै २ गर्म्म है ३ दीपनहै ४ पाचन है ५ बलको बढ़ावै है ६ हृदयको हितूहै ७ हलकाहै ८ चिकनाहै ९ तेजहै १० बायु ११ कफ १२ भारीहै और त्रिदो-

षसे जो ज्वरहोय उसको भी हरैहै विदाही है और मीठाहै और अग्निको मन्दकरैहैं १३ और संग्रहणी को १४ कफको १५ औरवायुशूलको दूर करता है १६ इतने गुण हैं (अरणी के नाम) अग्निमन्थ १ और जठयकेतु २ अरणी ३ और वैजयन्तिका ४ इति नाम (अरणीके गुण) तासीर इसकी गर्म्म है और कफकी बीमारी कोखोतीहै और बायु के रोगको नाश करतीहै इतिगुणं (पाटला काष्ठपाटला के नाम) पाटला १ कामदूती २ कालवृन्तिका ३ स्थाल्यमोघा ४ मधोदन्ती ५ ताम्रपुष्प ६ अम्बुवासिनी ७ अन्याफल ८ रुहा ९ स्रूताकम्भी १० काष्ठापाटला ११ (काष्ठपाटलाके गुण) अरुचि १ सूजनको २ और लोहू ३ औरदमा ४ और छर्दिकोदूरकरतीहै तुरसहै और मीठी है और उसके फूल लोहू और कफको हरते हैं (अथकंभारी के नाम) कश्मीरी १ सर्व्वभद्रा २ श्रीपर्णी ३ कृष्णवृन्तिका ४ कम्भारी ५ कुस्मरी ६ हीरा ७ काश्मरी ८ भद्रपर्णिकी ९ इसके इतने नाम हैं (कंभारीकेगुण) ज्वरको १ और शूलको २ दूरकरैहै और गर्म्महै ३ और मीठाहै और भारी और उसके फूलवायुकोपैदाकरैहैं ४ और कब्ज़ करतेहैं और पित्त लोहू और प्रदरको दूरकरतेहैं ५ और फलउसका रसायनहै और बालों कोअच्छाकरै है और पुष्टहै ६ और वीर्य्यको पैदाकरै है ७ और भारीहै ८ और बायु ९ और पित्त १० और क्षयी ११ औरप्यसको १२ औररक्त १३ और मूत्रकेविबंधको दूरकरती है १४ (स्योनाकके नाम) स्योनाक १

पृथुशिंव२ शुकनाश ३ कुठुंनट४ और भूतवृक्ष५ और टुंटक ६ सजक ७ अरलू ८ मयूर चोख९ भल्लूकप्रिय १० कटम्भरी ११ (स्योनाक के गुण) दीपन है १ पचने के समय कडुआ है और कसैला है और ठण्ढा है २ कब्ज़ करै है ३ तेज है ४ बायु ५ कफ ६ और पित्त ७ और खांसी ८ और आंव को दूर करता है इतने गुण हैं (बड़ा पंचमूल के नाम गुण) बेल को आदि लेकर पांच बस्त बड़ा पञ्चमूल कहावै हैं सो वह अग्नि को दीप्तकरै है १ और हलका है २ और गरम है ३ तेज है ४ और कसैला है ५ चरबी को ६ और कफ को ७ और दमे को ८ बायु को ९ हरै है (गोखुरू के नाम) गोक्षुर १ त्रिकुट २ और कंटफल ३ स्वादकण्टक ४ कण्टक ५ और भद्रवृक्ष ६ व्यालदंष्ट्रक ७ और स्वादंष्ट्र ८ स्थालश्रृङ्गीट ९ और षड़ंग १० और क्षुरक ११ और त्रिकट १२ (गोखुरू के गुण) खट्टा है १ मीठा २ बलकरै है ३ और बस्ति को शुद्ध करता है ४ प्रमेह ५ औ दमा ६ खांसी ७ और पथरी ८ और सोजाक ९ हौलदिल १० और बायु को ११ यह गोखुरू इन ग्यारह बीमारियों को श्रेष्ठ है (शालपर्णी के नाम) शालपर्णी १ और ध्रुवा २ सौम्या ३ त्रिपर्णी ४ और पित्तनी ५ और स्थिरा ६ और विरारिगन्धा ७ आगुहा ८ दीर्घमूल ९ अंशमती १० (शालपर्णी के गुण) भारी है १ और छर्दि २ और ज्वर ३ और दमा ४ और अतीसार को दूर करता है ५ और शुक्रदोष को दूर करती है ६ और पुष्ट है ७ रसायन है ८ इतने गुण शालपर्णी में हैं (पीठा के नाम) पृष्ठ-

पर्णी १ कोष्टांछा २ धावनी ३ करनसी ४ गुहा ५ शृगाल ६ पर्णिका ७ इसके सात नाम हैं (पीठाके गुग) हलकी है १ पुष्ट है २ मीठी है ३ और गर्म्म है ४ रक्त अतीसार को ५ हाड़को ६ लोहू को ७ और त्रिदोषको ८ छर्द्दि को ९ ज्वरको १० दूरकरै है (बड़ी कटाई के नाम) बृहती १ स्थूलभटा २ अर्कविशदा ३ महोटिका ४ बाताकी ५ महती ६ और सिंही ७ और-की ८ और राष्टाकी ९ कुली १० (बड़ीकटाईके गुण) कब्ज़ करै है १ दिलको कुव्वत दे है २ पावनी ३ कफ को ४ और बायुको जीते हैं ५ और गर्म्म है ६ कुष्ठको ७ ज्वरको ८ श्वास ९ खांसी १० शूल ११ मन्दाग्निको १२ दूरकरै है (अथ लघुकटाई श्वेतकटाईके नाम) कंटारिका १ कण्टकिनी २ कण्टकारी ३ निदग्धिका ४ दुस्पर्शा ५ धावनी ६ क्षुद्रा ७ व्याघ्री ८ दुष्प्रधर्षिणी ९ शितक्षुद्रा १० चन्द्रहासी ११ लक्ष्मी १२ क्षेत्रदन्तिका १३ इतने इसके नाम है (लघुश्वेत कटाईके गुण) सर है १ तेज है २ कड़ुवी है ३ दीपनी है ४ हलकी है ५ और पावन है ६ रूखी है ७ खांसी ८ दमा ९ ज्वर १० कफ ११ बायुको १२ पीनसको १३ पसली के दर्द को दूर करती हैं १४ और कृमिको १५ और हृदयके रोगको दूर करै है १६ बहुतकरके गर्भको करती है (लघुपंचमूलके नाम और गुण) गोखरू से आदिलेके यह पांच बस्तु लघुपंचमूल कहाती हैं शरीरमें बलपैदा करै है १ और पित्तबायुको दूर करै है २ और बहुत गर्भ नहीं है ३ और मीठी है ४ और पुष्ट है ५ इसमें इतने गुण हैं (दशमूलके नाम गुण)

बड़ा पञ्चमूल यह और वह दोनों मिलें तो दशमूल कहावैहै दमा १ और खांसीको २ शिरकेदर्दको ३ और अपतंत्रक जो एकरोगहोताहै अस्सी ८० वायुके रोगों में ४ तिसको दूरकरताहै और तंद्राको ५ पसीनोंको खोतीहै ६ ज्वर ७ अफरा ८ अरुचि ९ और पसलीके रोगको १० दूरकरताहै इसमेंइतनेगुणहैं (अथऋद्धिवृद्धिकेनाम) ऋद्धि १ सुखयुग २ लक्ष्मी सिद्धि ३ सर्वजनप्रिय ४ ऋषिसृष्टा ५ रथाङ्ग ६ मङ्गलश्राविणी ७ वसु ८ योग्य ९ योग्या १० तुष्टिराशी ११ और वृद्धि १२ और अप्यतदाह्वया १३ (इसकेगुण) ऋद्धि बलको बढावैहै और त्रिदोषको दूर करैहै और वृद्धिगर्भकी देनेवालीहै और ठण्ढीहै औरपुष्टहै और खांसीको दूरकरैहै और क्षयीको खोवैहै लोहूको दूरकरैहै (कांकोलीक्षीरकाकोलीके नाम) काकोली १ मधुरा २ वीरा ३ कायस्था ४ क्षीरशक्तिका ५ ध्वंक्षोली ६ वायुसोली ७ स्वादुमासी ८ पयस्विनी ९ दूसरी क्षीरकाकोली १० सुराह्वा ११ क्षीरिणी १२ इतने नामहैं १३ (इनकेगुण) काकोलीदोनों ठंढीहैं औरवीर्य्यको पैदाकरैहैं १ मीठी हैं २ और भास हैं ३ और वायुको ४ दाहको ५ लोहूको ६ पित्तको ७ दुबले त्रिदोष को ८ (मेदामहामेदा के नाम) मेदा १ ज्ञया २ साल्यपर्णी ३ विज्ञा ४ मेदोभवान्धरा ५ महामेदा ६ वसुछिद्रा ७ त्रिदन्ता ८ दैवतामणि ९ (इसके गुणकहैहैं) मेदा दोनों भारी १ और मीठीहै २ और पुष्टहै ३ स्तन्यहै ४ कफको ५ दुबलेपन को मोटाकरैहै ६ औरठंढीहै ७ औरपित्तको दूरकरैहै ८

और लोहू अक्षय ९ और वायुकेरोगको १० खोदेतीहै येगुणहैं(जीवकऋषभककेनाम)जीवक१मधुरशृङ्गी२ ह्रस्वाङ्ग ३ कुचशीर्षक ४ ऋषभ ५ धार६ इंद्राक्ष७वृमाण८दुर्द्धर९वृष १० (जीवकऋषभकके गुण) जीवक और ऋषभक दोनोंबलको बढ़ावैहैं १ और ठंढी है और वीयको३और बलको बढ़ावै है४ और पित्तको ५ दाहको ६ औरलोहू ७ दुर्बलपनेको ८ वायुका ९ क्षयीरोग को १० इतने रोगोंको दूर करै है (अष्टवर्ग नामानि) ये आठों वस्तु जो कहीं इनको मिलायके अष्टवर्ग कहावतेहैं(अष्टवर्गकेगुण)मो ठंढाहै १ और वीर्य्यको बहुत बढ़ावैहै २ औरपुष्टहै३ और पित्त को ४ और वायु लोहूको ५ और सूजनको दूर करैहै ६ और स्तनोंको गुण करैहै ७इस अष्टवर्ग में इतनेगुण हैं (अथ जीवन्तीके नाम) जीवन्ती१जीवनी२जीवा ३ जीवनीया ४ यशस्विनी ५ शाकश्रेष्ठा ६ जीवभद्रा ७ मंगल्या ८ जीवर्द्धिनी ९ (जीवन्तीकेगुण) ठण्ढी है १ चिकनी है २ त्रिदोष को दूरकरै ३ पुष्ट है ४ हलकीहै ५ (मुलहठी के नाम) मधुयष्ठी १ कीतनक२ यष्टी ३ मधु ४ मधूलका ५ यष्ट्य ६ हृयमधुक७जलजाम्मधु ८ (मुलहठी के गुण) भारीहै १ ठण्ढीहै २ बलकरै है ३ प्यासको ४ और छर्दिको५ पित्तको ६ दूर करदेतीहै (माषपर्णी मुद्गपर्णी के नाम) माषपर्णी १ कृष्णवृन्ता २ कम्बोजी ३ हयपुच्छिका ४ मीशमाषा ५ सिंहमुखी ६ स्वादमाषा ७ महासहा ८ मुद्गपर्णी ९ क्षुद्रहासा १० सूर्य्यपर्णी ११ छुरणिटनावन १२ जारिं

गनी १२ सिर्कीसिंगां १४ मार्ज्जारगन्धिकां १५ (इस औषधीके गुण) माषपर्णी ठण्ढी है और तेज है रूखीहैवीर्य और बलको पैदाकरैहै और मीठीहै और कब्ज़ करै है और शोषको और बात और पित्तज्वर को और लोहूको दूरकरैहै और हलकीहै इस औषधमें इतने गुणहैं (जीवनीयगणनाम) संजीवनीऔर दोनों सूर्यपर्णीऔरदोनोंकाकोलीऔरजीवकऔर ऋषभकऔरमेदाऔरमहामेदा औरमुलहठीइनको जीवनीयगणकहतेहैं (जीवनीयगणकेगुण) वीर्यकोपैदाकरैहै१और पुष्टहै २ तलहै ३ स्तनोंको हितहै ४ गर्भकी करनेवाली५औरकफकी है६रक्तपित्त ७ तृषा८ शोष ९ज्वर १० दाह ११ और जखम १२ इतनी बीमारियोंकोदूरकरै है (अरण्डरक्तअरण्डनाम) अरण्ड १ दीर्घदण्ड २ अरुण ३ वर्द्धमानक ४ चित्र ५ पंचांगुल ६ व्याघ्रपुच्छ७गन्धर्वहस्तक८रक्तरण्ड ९हस्तकर्ण१० व्याघ्र ११व्याघ्रन्तलोरू१२उत्तानपत्र१३उर्वुबीज१४ वैय्यं १५ अतिचंचुल १६ (दोनोंअरण्डोंकेगुण) दोनों अरण्ड मीठे हैं औरगर्महैं और भारीहैं और शूल को१सूजनको२कमरको३मूत्राशयको ४ शिरकेदर्द को५जलन्धरको६ज्वरको७वृद्धश्वासको८कफको९ अफरा १० खांसीको ११ कुष्ठको १२ आमको १३ बायु को १४इतनेरोगोंकोखोवैऔर फलउसकाभेदनहैमीठाहै खारीहैगर्महैबायुको जीतै (सारिवाकृष्णसारिवा नाम) सारिवातसार १दस्फोता २गोपकन्या ३प्रातनका ४गोपाङ्गना५गोपवल्लीलता ६ होकाष्ठसारिवा ७

शारिका८शारिवान्या९कृष्णमूली१०भद्रचन्द्रमसा-
रिवा ११ (सारिवाकेगुण) दोनों सारिवा मीठीहैं और
चिकनीहैं भारीहैं वीर्यकोपैदाकरैहैं १तीनों दोषोंको२
औरलोहूको३औरपीड़ाको४ज्वरको५अतीसारको६
दूरकरैहैं सारिवा इतनी बीमारियों को खोवैहै(जवा-
सानाम) यवासा १ मरुद्भवा२अतंता३दीर्घमूल ४य-
वासक५ बालपत्र६समुद्रान्त७दूरमूल८अतिकण्टक९
भद्राचन्दना १० कृष्णमाप्य ११ धन्वयास १२ ताम्र-
मूली १३ दुष्टार्शा १४ दुरालभा १५ दुरलम्भा १६ यशकं
१७ कच्छुरा १८ धन्वायासकं १९ (जवासा गुण)
मीठास्वादहै और तेजहै ठण्ढाहैऔर पित्तको दूरकरै
है १ और हलका है २ और लोहूको ३ कफको ४ भ्रा-
न्तिको५ दूरकरैहै (मुण्डीनाम) मुण्डी १ भिक्षु २परि-
व्राजी ३ श्रीवर्णी ४ तपोधना ५ श्रीव्रणा ६ श्रीपती७मु
ण्डिभिक्ता८श्रवणशीर्षका ९ (मुण्डीकेगुण) तेजहैप-
चनेकेसमयकड़वीहैऔरमीठीऔरहलकीहैऔर बु-
द्धिकोबढ़ावैहै औरगलगंडको औरअपचीकोसुजाक
कीबीमारीको दूरकरतीहै औरपाण्डुरोगको दूरकरती
है (महामुण्डीनाम) महामुण्डी१लोभनीया २छिन्ना३
ग्रन्थनि ४ काकटम्बपुष्पी ५ (महामुण्डीकेगुण) मु-
ण्डीके समान इनकेभीगुणहैंयहभी पूर्व्वोक्तरोगोंको
खावै (अथऊंगानाम) अपामार्ग१शिखरी२किणहा३
खरमंजरी ४ अध ५ शल्य ६ शेखरिक ७ प्रत्यक ८
पुष्पी ९ मयूरक १० (ऊंगाकेगुण) सरहै १ और ते-
जहै २ और दीपनहै ३ और कफको ४ बायुको५ और

दाहको ६ छीप ७ बवासीर को ८ खुजली को ९ उ-
दरकेजोरोगहैंउनकोनाशकरैहै १० औरअपचीको
दूरकरैहै इतने गुणहैं (लालऊंगाकेनाम) अन्यरक्त
१ वृत्तफल २ वशिर ३ कपिपिप्पली ४ (इसकेगुण)
लालऊंगाक़ब्ज़करैहैकफकोऔररक्तपित्तकोदूरकरैहै
रूखीहैऔरपहिलेसेइसमेंगुणथोड़ेहैं॥इतिलालऊंगा
केगुण (कपालानाम) कपिल्ल१ रोचनरक्त२चूर्णधन
३लोहितरक्त ४ शमन५रेची६रजनक७(गुण) कफ
को १ औरपित्तको २ पथरीको३औरकृमिको४और
गोला ५उदररोग ६फोड़ेको ७ दूरकरैहैऔरउसका
साग क़ब्ज़करै है और ठण्ढाहै (दन्तिनीदंन्तीभेद
नाम) दन्ती १ गुणप्रिया २ नागदन्ती ३ शीघ्रआखु-
कर्णी४उपचित्रा५निकुम्भा६विशिल्य७उदुम्बरछ-
दा८मुकूलका ९वृषरण्डा१०इवन्ति ११शम्बरी १२
मूखकाद्रि १३ सुतश्रेणी १४ प्रत्यक्श्रेणी १५पूजिका
१६ (गुण)दन्तीदोनोंपचनेकेसमयकड़वीहैंऔरदी-
पनहैं १ तेजहैं२गरमहैं३पित्तको४लोहूको ५ कफको
६पेटकीसूजन ७ कृमि ८इतनेरोगोंकोखोवैहैं (जय-
पालनाम)जयपाल१दितिबीज२ततरीफल ३ (गुण)
भारीहै १ चिकनीहै २ जुल्लाबलावेहै ३ पित्तको ४कफ
को५दूरकरैहै(अथनिशोतनाम) तृवृत १ कुभरण २
न्यस्नाभण्डी३कूटरवाहिनी ४ वावुभूति५तृवृता ६
तृपुटी ७ सरलासिता ८ (गुण)तेजहै १ सरहै २ रूखी
है ३ मीठीहै ४ गर्महै५बायुको६ज्वरको ७ कफको ८
पित्तको ९औरशोफोदरकोदूरकरैहैऔरपचनेकेसम

यकड़वीहै (श्यामनिशोतनाम) तृवृत्तकाला १ काल-
मेषी २ कालपर्णी ३ अर्द्धचन्द्रिका ४ सुखेनी ५ मल-
विका ६ मूसरबिलका ७ (गुण) कालानिशोत बहुत
करके जुल्लाब है १ मूर्च्छा २ दाह ३ मद ४ भ्रान्ति ५
इनको पैदाकरैहै औरगलेकोउत्कर्षणकरैहै (इन्द्र-
वारुणीनाम) इन्द्रवारुणी १ ऐश्रैद्राह्री २ वृषभाक्षी
३ गवादिनी ४ इन्द्रवारु ५ क्षुद्रफला ६ विशाला ७
इन्द्राविषादनी ८ अन्येन्द्रवारुणी ९ चित्राफल १०
चित्रा ११ महाला १२ आत्मरक्षा १३ नागदन्ती १४
त्रिपुंसी १५ गजचिर्पटी १६ श्वेतपुष्पा १७ मृगाक्षी
१८ चन्तदक्षसुता १९ मरुद्भवा २० कृमिकुम्भ २१
चित्रदेवी २२ (इन्द्रवारुणीके गुण) इन्द्रवारुणीदोनों
तेजहैं १ कड़वीहैं २ (पचनेके समयहलकीहैं ३ कमल-
वायु ४ और पित्त ५ कफ ६ तापतिल्लीको ७ उदर-
रोगको ८ (किरवालीनाम) आरग्वध १ राजवृक्ष २
शम्पक ३ कृतिमलिका ४ व्याधिघात ५ कर्णिकार ६
प्रग्रह ७ चतुरंगुल ८ आरोग्यसिंवी ९ स्वर्णपर्णी १०
दुष्कर्णी ११ द्दहर्घपुर १२ लांकुण्डली १३ हेमपुष्पा
१४ कालिव्यात १५ द्रुप १६ स्वर्णशी १७ फालिका-
शाव १८ कुष्ठसूदन १९ स्वर्णस्थाल्या २० पित्तला २१
सुवर्णद्रुम २२ (गुण) भारीहै १ मीठीहै २ नर्म है
३ रोचन है ४ ज्वर को ५ हृदयरोग को ६ पित्तको ७
लोहूको ८ वायुकेउदावर्त्तको ९ शूलको १० जीते हैं
उसके फूलवायुको पैदाकरतेहैं व कब्ज़ करतेहैं तेज
हैं पित्त व कफको दूर करैहैं उसकीमींगी पचने के

समय मीठीहै चिकनीहै बायुकोदूर करतीहै (नीलिनाःम) नीलिना १ नीलिका २ ग्रामस्थ ३ श्रीफला ४ भारवाहिनी ५ राजेनी ६ कालकामें ७ तातुनीरक्षा ८ विधिम्मी ९ (नीलिगुण) रेचनी है १ बालोंको अच्छी है २ तेजहै ३ मूर्च्छाको ४ भ्रमको दूरकरेहै गर्महै ५ जलोदरको ६ तापतिल्ली को ७ बातरक्त ८ कफ ९ बायुखोवे (अथ कुटकी नाम) कुटकी १ रोहिणी २ तिक्ता ३ वक्रमर्ण ४ कटु ५ रोहिणि ६ मत्सपित्ता ७ कांडरुहा ८ कृष्णभद्रा ९ द्वियोगिका १० अशोकरोहिणी ११ मत्स्या १२ शकुला १३ शलादिनी १४ (गुण) पचनेके समय कड़वी है और तेजहै रूखीहै सरहै १ हलकीहै २ ठंढी है ३ कृमिको १ दमाको २ दाहको ३ पित्तको ४ कफको ५ ज्वरको दूरकरेहै (अंकोलनाम) अंकोलक १ नामफल २ पाठसा ३ निकोचन ४ गुप्तस्नेह ५ वेरची ६ भूसिता ७ दीर्घकीलक ८ (गुण) कड़वीहै १ चिकनीहै २ तेजहै ३ तुवरहै ४ हलकीहै ५ जुल्लाबहै ६ कृमिको १ शूलको २ आमको ३ सूजनको ४ कफको ५ बिषको दूरकरेहै ६ फल उसका ठंढाहै ७ मीठाहै ८ कफको पैदाकरेहै ९ पुष्टहै १० बलको पैदाकरेहै ११ और जुल्लाबहै १२ बायुको १३ पित्तको १४ दाह १५ क्षय १६ लोहूको जीतेहै १७ (सेहुँडनाम) सेहुंड १ वज्रतुण्डी २ गण्डीर ३ वज्रदंष्ट्रक ४ स्नुही ५ समंत ६ दुग्धा ७ असिपत्री ८ वज्री ९ महातरु १० (गुण) रेचनहै १ तेजहै २ दीपनहै ३ कड़वीहै ४ भारीहै ५ शूलको १ आमको २ अष्ठी ३ अफरा ४ गोला ५ सूजन ६ उदररोग ७

बायु ८ और पीविष ९ तापंतिल्ली १० कुष्ठ ११ उन्माद १२ पाण्डुरोग १३ इतनेरोगोंको दूरकरेहै (सप्तस्नानाम) सातला १ सारा २ बिपुला ३ बायुफेना ४ वमक ५ साफेना ६ दीप्तरसात्त्विका ७ (गुण) रोचनी है बायुकी सूजनको खोवै (अथ निम्बनाम) निम्ब १ नियमन २ नेता ३ अरिष्ट ४ परिभद्र ५ कुसुभिक्त ६ सर्व्वतोभद्र ७ पिचुमन्द ८ प्रभद्र ९ ककुष्ट १० हादेवदत्ता ११ रविक १२ रविसन्निध १३ (सूर्यकगुण) ठंढाहै १ कब्ज़करै है २ हलकाहै ३ पचनेकेसमय कडुवा ४ अग्नि बायुको पैदाकरैहै ५ फोड़ेको ६ पित्तको ७ कफको ८ छर्दिको ९ कुष्ठको १० मुंहसे पानी बहनेको ११ प्रमेहको १२ इन सबको दूरकरैहै बिनपकेकोपकावे है। पकेहुयेंको शुद्ध करैहैफलउसकाभेदनहै चिकनाहैऔरकुष्ठकोदूरकरै है और हलत्रंकहै (अथमहानिम्बनाम) महानिम्ब १ निम्बरक २ कार्म्मुक ३ विषमुष्टक ४ रम्यक ५ गिरीक ६ द्रेक ७ क्षीरकेशमुष्टक ८ (गुण) ठंढा है १ रूखाहै २ तेजहै ३ कब्ज़है ४ कसैला ५ कफ ६ पित्ता ७ कृमि ८ छर्दि ९ कुष्ठ १० मुखसे पानी बहना ११ और लोहू १२ इन सब बीमारियोंको दूरकरताहै (अथचिरायतानाम) चिरायता १ किरात २ तिक्त ३ कैरात ४ भूनिम्ब ५ राजसेनक ६ किरातक ७ अन्य ८ नैपाल ९ नाडीतिक्त १० ज्वरांतक ११ ऊर्द्धतिक्त १२ निद्रारि १३ सन्निपातहा १४ (गुण) बायुको पैदाकरैहै रूखाहैठंढाहै १ तेजहै २ हलकाहै ३ सान्निपात ४ ज्वर ५ दमा ६ खाँसी ७ पित्ता ८ लोहू ९ दाहको १० इतनेरोगोंको दूरकरताहै (अथकुंडानाम)

कुटज १ मल्लकापुष्प २ कलिंग ३ गिरिमल्लिका ४ बत्स्यक ५ कुठी ६ वृक्षक ७ शक्रभूरुह ८ तुस्यक ९ वरतिक्त १० कुटज ११ पांडुरद्रुम १२ सतद्रुम १३ कोटी १४ निलषष्ठी १५ मल्लिका १६ (गुण) कड़वा है १ रूखा २ ठंढा है ३ दीपन है १ बवासीर २ अतीसार ३ पित्त ४ लोहू ५ कफ ६ प्यास ७ आमकुष्ट ८ इनको दूर करै है। फल इसका बायुको पैदा करै है ठंढा है तेज है पित्त अतीसारको दूर करता है (अथ यवनाम) इन्द्रयव १ तिसकाफूल २ कलिंग ३ कुटज ४ शक्राह्व ५ पुरुहूत ६ भद्रयव ७ (गुण) तीनों दोषों को १ ज्वरको २ अतीसारको ३ खूनीबवासीरको ४ विसर्प ५ कुष्ठको दूर करै है काबिज ठंढा कड़ुवा है (मैनफल नाम) मर्दन १ छर्दन २ पिंडाराव ३ पिंडा ४ तकेफल ५ टरहाठ ६ तुरंगशल्यक ७ विषपुष्पक ८ (गुण) छर्द्दि लावै है १ तेज है २ रूखा है ३ कुष्ठको १ कफको २ अफराको ३ सूजन ४ गोला ५ फोड़ा ६ इतने रोगोंको खोवै है (ताड़िकाकंकुष्ठनाम) कंकुष्ठक १ काककुष्ठ २ रेचन ३ रगनायक ४ शोभन ५ कुलकहास ६ बरांग ७ किंजुबालु ८ (गुण) रेचन है तेज है २ कड़वी है ३ गर्म है ४ रंग अच्छा करै है ५ कफको दूर करती है ६ (अथचाखनाम) हेमाद्रि १ कनकाक्षीरी २ हेमदुग्धा ३ हिमावती ४ क्षीरणी ५ कांचनाक्षीरी ६ कटुपर्णी ७ तिक्तदुग्धा ८ हेमवन्ती ९ पीतदुग्धा १० (गुण) रेचनी है १ तेज है २ मदको ३ जीमतलानेको पैदा करै है ४ और कृमिको और खाजको और कुष्ठरोगको दूर करै है (अथशीतलनाम) शीतला

१त्रिमला२ सीरीसप्तला ३ बहुफेनका ४चर्मसाह्वा ५ चर्मक ६ साफेना ७ कीम्रा८ नाड़िका ९ (गुण) पचने के समय कड़वीहै१ वायुको पैदाकरैहै २ ठंढी है३तेज है ४ हलकी है ५ सूजनको ६ कफको ७अफरे को ८ पित्ताको ९ उदावर्त्तको १० लोहूको ११ दूरकरतीहैं (असिमिलोगनाम) अस्मत १ माल्लिका २ अपत्र३युग्मपत्र ४ अल्पपत्र ५ कश्लक्ष्णगत्व६कूवश्म७योनिकुशला८पापनाशन९ (गुण) तुवरहै १ काबिज़है २ठंढीहै३ खट्टीहै ४कफको५ वायुको हरैहै ६ गलगण्डको ७गण्डुमालाको ८लोहूको ९ गलेके रोगोंको १० दूरकरती है उसका फललेखनहैकाबिज़है भारीहैकफवायुकोखोती है (अथकचनारनाम) कचनार १ कांचनक२ पाकरी३ रक्तपुष्प ४काकोविदा५ रसभेद६कुद्दाल ७कण्डुली८ आस्फोत ९ उद्दाल १० कुशर ११ अमरीहत १२ (गुण) ठंढीहै १ काबिज़ २ कसैलीहै ३ कफको ४ पित्तको ५ कृमि६कुष्ठ७कांचकेनिकलनेको ८गण्डमाला ९फोड़ा १०.दूरकरैहै फूलउसके हलकेहैं रूखेहैं काबिज़हैं पित्त कोलोहूको प्रदरकोऔरक्षयीकोखांसीकोदूरकरैहैंइतनेगुणहैं(अथसँभालूनाम)निर्गुंडी१श्वेतकुसुम २सिंदुकासिन्दु ३ चारक ४ मूतश्यअपर ५ नालिसिन्दुक ६ पुष्पनीलिक ७ शोफालिक ८शीतभीरु९घनक१०वनमंजरी ११ (गुण) स्मृतिकीदाताहै१ तेजहै २ कसैलीहै कड़वीहै हलकीहै बालोंकोअच्छीहै १ आंखोंकोगुण करै२शूलको३सूजनको४आमवायु५कृमि६कुष्ठ७अरुचि८कफ९फोड़ा१०इतनेरोगोंकोदूरकरतीहै(अथमेढ़ा-

शृङ्गीनाम) मेढ़ाशृङ्गी१ मेषशृङ्गी २ मेषवल्ला ३ सर्पदंष्ट्रा ४ शृंगिका ५ अन्यादिदक्षिणवर्त्ती७ वृक्षिकाला ८ विषानिका९ (गुण) स्वादइसकातेजहै वायुपैदाकरैहैरूखीहैपचनेकेसमयकड़वीहैखांसीको१ पित्तको२ फोड़ेको३ कफको४ नेत्रदर्दकोखोवैहै (पुनर्नवानाम) पुनर्नवा १ श्वेतमूली २ पृथ्वाक ३ दीर्घपत्रक ४ विशांष ५ दीर्घताभ्रू ६ पुनर्भूमण्डल ७ क्षद ८ (गुण) तेजहै १ रूखीहै २ गर्महै ३ मीठीहै ४ कड़वीहै ५ सूजनको ६ वायुको ७ फोड़ेको ८ कफको ९ उदरकेरोगको १० अरुचिको ११ इतनेरोगोंकोखोतीहै (रक्तपुनर्नवानाम) पुनर्नवा१ पराक्तिका २ रक्तपुष्पा ३ कटिष्लक ४ क्षुदवर्षा ५ भुवकेतु ६ शिवाटिका ७ (गुण) तेजहै और पचनेकेसमयठंढीहै और हलकीहै और बादीको १ कफको २ पित्तको ३ लोहूको हरै कब्ज़करैहै (रास्नानाम) रास्ना १ रक्ता २ मुक्तरसा ३ रसनाग ४ धनाकुला ५ गन्धमूली ६ अतिरहा ७ श्रेयसी ८ सुबहा ९ रसा १० (गुण) आंवको पचावैहै तेज है भारी है गर्म है कफको १ वायुको २ सूजनको ३ वातरक्तको ४ वायुशूलको ५ उदररोग ६ इतने रोगोंको नाश करती है (असगन्धनाम) असगन्त १ अश्वगन्ध २ तुरंगाह्वा ३ गोकर्णा ४ अश्वा ५ वरोहक ६ वराहकर्णी ७ वंरहा ८ बल्या ९ वाजकिरी १० वृष्या ११ (गुण) बायुको १ कफको २ सूजनको ३ उदररोगको ४ क्षयीको ५

दूरकरती है कुव्वतकरै है ६ रसायनीहै ७ तेजहै ८ कसैलीहै ९ गर्म है १० वीर्यको बढ़ावै है (गन्धप्रसारणनाम) प्रसारिणी १ राज २ बला ३ चारुपर्णी ४ प्रतानिका ५ सारिपर्णी ६ भद्रा ७ भाद्रा ८ भद्र ९ पर्णी १० सुविस्तरा ११ (गुण) तासीरभारीहै गर्महै तेज खोवैहै शूलको कफको दूरकरतीहै (अथसतावरनाम) शतावरी १ द्वीपशत्रु २ द्वीपिका ३ वरकुण्टिका ४ नारायणी ५ सतपदा ६ शतया ७ बहुपुत्रिका ८ (सतावरकेगुण) भारीहै औरठंढी है मीठीहै चिकनीहै रसायनहै वीर्यकोबढ़ावैहै १ दूधको बढावैहै २ बलकरैहै ३ वायुको ४ पित्तको ५ दूरकरै है और लोहूकोदूरकरै और सूजनकोदूरकरतीहै (अथ बड़ीसतावरनाम) शतावर्य १ ऊर्द्धकण्डा २ न्यायीवरदावरी ३ वरीअभीरु ४ बहुपुत्री ५ महापुरुष ६ दंतिका ७ सहस्रवीर्या ८ कशिलुंगिनी ९ सूक्ष्मपुत्रिका १० (गुण) बुद्धिको बढ़ावैहै १ दिलको कुव्वतकरैहै २ रसायनहै ३ ठंढी है ४ और बवासीरको ५ संग्रहणी ६ और नेत्ररोग को दूरकरैहै ७ और उसके अंकुर तीन दोषोंकोदूरकरै है ८ हलकेहैं ९ बवासीरको १० क्षयीको दूरकरै ११ इन सबरोगोंकोखोवैहै (अथखिरहटीनाम) बलावा १ व्यालक २ श्वानपाकी ३ मदनदा ४ भाद्रोदनी ५ समंगा ६ समासा ७ खरयष्टिका ८ (सहदेवीनाम) महाबला १ बीरपुष्पा २ सहदेवी ३ बृहद्बला ४ बाद्यायनी ५ देवमही ६

वाद्या ७पीतपुष्पिका८(अथबलिंकानाम)बलिंका१अ-
तिबला२भारद्वाजी ३वृक्षगंधिका ४ इतनेइसकेनामहैं
(अथगंगेरूनाम) गंगेरुकी१नागबला२बिश्वदेवा३ ग-
वेधुका४(गुण)चारोठंढीहैं१मींठीहैं२बलको३ औरकां-
तिकोबढ़ावैहै ४चिकनी हैं५कब्ज़करै हैं६वायुको७लोहू
को८पित्तको९बवासीरको १० ज़खमको ११ वृहद्बला
सुजाकको दूरकरैहै नागबला भारीहै १ कुव्वतकरैहै २
विशेष करके लोहू ३ और पित्तको दूरकरैहै ४ रसाय-
नीहै ५ पुरुषत्वको बढ़ावै है ६ वृहणी है उसका फल
ठंढाहै ७ और स्तम्भनहैं ८ भारीहै ९ लेखन १० कब्ज़
करती ११ पेटकोफुलायदेतीहै १२ और रक्तपित्त
को १३ दूरकरदेतीहै इन चारो औषधोंमें इतनेगुण हैं
(अथतेजबलनाम) तेजस्विनी १तेजवती२तेजनी ३
स्वप्नबल्कला४महोयशी ५पारिंजाती ६स्वतांतिका ७
अतितेजनी ८ (गुण) तेजबल कफको १ और दम
को २ खांसीको ३बबासीरको ४ औरबायुकेरोगजीतै
है ५ पाचनीहै ६ गर्महै७ कड़वीहै ८ तेज ९ अरुचिको
दूरकरतीहै १० उदरकी अग्निको दीपनकरैहै ११ (मा-
लकंगनीनाम) ज्योतिष्मती १ वह्निरुचि २ कंगुणी ३
कटुभी ४ (गुण) कड़वीहै १ तेजहै२ सरहै३ कफको ४
वायुको जीतैहै ५ बहुतगर्महै ६ और छर्दिको लावैहै ७
पेटकोअग्निकोबुद्धिस्मृतिकोबढ़ावैहै(देवदारुनाम)

देवदारु १ सुराह्व २ भद्रदारु ३ सुरद्रुम ४ भद्रकाष्ठ ५ स्नेहवृक्ष ६ किलिम ७ शुक्रदारु ८ (अथगुण) कड़वा है चिकनाहैगर्महैहलकाहैऔरअफरेको १ औरज्वर को २ सूजनको ३ आंवको ४ हुचकीको ५खुजलीको ६ कफको ७ वायुकोजीतैहै ८ (अथसरलनाम) सरल १ नवींड २ नमरू ३ उद्दापवृक्ष ४ पूतदारु ५ पीतवृक्ष ६ महादीर्घ७कलिद्रुम८(गुण)पचनेकेसमयकड़वीस्वादमीठाहैहलकाहैगर्महैचिकनाहैवायुकोदूरकरै॥और आंखकेरोगकोखोवैहैकानकेरोगोंकोखोताहै (पुष्करमूलनाम)पुष्कराह्व१ पद्मपत्र २पौष्करादूक३काश्मीर ४पुष्करजटा ५ मूलबीर ६ सुगन्धक ७ (गुण) कड़वा है तेजहै गर्महै वायुको १ कफको २ ज्वरको ३ दूरकरताहै सूजनको ४ अरुचिको ५दमेको ६ औरपसुलीके दर्दको दूरकरताहै (अंथकूटनाम)कूट १रोगाह्वय२ वाप्प३कौबेर४पारिभद्रक५पारिहांत्थ ६ पारिभव्य ७ उत्पल ८ हरिभद्रक९ (गुण) गर्महै कड़वीहै मीठीहै तेजहै वीर्यकोपैदाकरैहै १ हलकीहै २ बातरक्त३बिसर्प ४और खांसीको ५कुष्ठको६ वायुको७ कफको ८दूर करैहै (काकड़ासिंगीनाम) शृंगी १ कुलीरशृंगी २ अयवक्रा३कर्कटशृंगिका ४ करकटाख्या ५महाघ ६ शृंगनाम्नी ७ नतांगी ८ (गुण) कसैलीहै तेजहैगर्म हैऔरहिक्काकोऔर छर्दिकोऔर ज्वरकोदूरकरतीहै

यहइसमेंगुणहैं (रोहिषनाम) रोहिप १ कतृण२भूर्ति-भूति ३ कंमरल ४ श्यामाक ५ मुदगर ६ पौर ७ धामक८देवगन्धक९(गुण)·पचनेकेसमयकडुवाहैतेजहै गर्महै कसैलाहै गलेके१औरहृदयकेरोगोंकोखोवेहै २ पित्तको ३ लोहूको ४ शूलको ५ खांसीको ६ कफको ७ ज्वरको ८दूरकरतीहै (अथकायफलनाम) कदफल १ कुमुदा२कुम्भी३श्रीपर्णी ४ सोमपादप५सोमवल्क ६ महाकुम्भी ७ भद्री८भद्रवती ९ शिवा १० (गुण) कसैलीहै तेजहै कडुवाहै बायुको १ कफको २ ज्वर ३ दमेको ४प्रमेहको५ बवासीरको ६खांसीको ७ गलेकेरोगोंको ८अरुचिकोखोवैहै (भारंगीनाम)भारंगी१ भृगुभवा२पद्मा३ कासघ्नी ४ भार्ग पर्षिणी ५ परशाक ६ शुक्रमाता ७ फजी ८ ब्रह्मणयष्टिका ९ (गुण)रूखीहै कड़वीहै तेजहै खानेकी रुचि उपजावैहै १गर्महै२पाचनीहै३सूजनको ४ खांसीको ५ कफको ६ दमको ७ पीनस ८ ज्वर ९ वायुको १० खोवैहै(पाषाणभेदनाम) पाषाणभेद १पाषाण२अश्मभेद ३अश्मभेदक४शिलाभेद ५ वृषडुभेद ६ नगभिन्नक७भेदक८(गुण)कसैलाहै ठण्ढाहै मूत्राशयको शुद्धकरैहै १ सरहै२ तेजहै३प्रमेहको४बवासीरको५खोताहै सुजाकको ६पथरीको७इतने रोगोंको यह नष्ट करताहै(नागरमोथानाम) मुस्तवारिधर १मुस्ता२मेघाख्य३कुरुविंदुक४

बराहास्य ५ घन ६ भद्रमुस्त ७ वाजिक ८ सेरुक ९ पीण्डीमुस्त १० विषध्वंसी ११ नागरोन्य १२ (गुण) कडुवाहै १ ठंढाहै २ काबिज़है ३ तेजहै ४ दीपनहै ५ पाचनहै ६ कसैला ७ पेटकेकीड़े ८ पित्तको ९ लोहूको १० कफको ११ और प्यासको १२ ज्वरको १३ दूरकरैहै (धावानाम) धानकी १ कुंजरा २ शीघ्रपुष्पी ३ प्रमेदनी ४ मदनी ५ भद्रा ६ पार्वतीया ७ ताम्रपुष्पी ८ सुभल्या ९ मद्यवासिनी १० (गुण) कड़वीहै ठण्ढीहै नशाकरैहै कसैली हल्कीहै प्यासको १ अतीसारको २ ज्वरको ३ रक्तपित्तको ४ ज़हरको ५ पेटके कीड़ेको ६ बिसर्पकोखोवैहै (अथमाईनाम) माचिका १ बालिका २ वृष्टीशंची ३ दन्तशठ ४ अम्बका ५ अम्बष्टकी ६ शुचिमुखी ७ कषाया ८ शाकठमुखी ९ (गुण) खट्टीहै १ पचनेकेसमय कसैलीहै २ ठंढीहै ३ हलकीहै ४ पकेअतीसारको ५ लोहूको ६ कफको ७ गलेकेरोगोंको ८ खोवैहै इतने गुणहैं (अथबिदारीकन्दनाम) बिदारिका १ वृक्षबल्ली २ वृक्षकेदा ३ बिरालिका ४ शुक्लाक्षीरबल्ली ५ पयस्विनी ६ इक्षुबल्ली ७ महाश्वेता ८ क्षीरगन्धा ९ इक्षुगन्धा १० (गुण) मीठीहै और चिकनीहै पुष्टहै दूधको वीर्यको पैदाकरैहै भारीहै पित्तको लोहूको वायुको दाहको दूरकरैहै रसायनहै (वाराहीकन्दनाम) वाराही १ माधवी २ गृष्टी ३ सौकरी ४ वनमालिका ५ कटि ६

क्रोड़ी ७ सम्बर ८ कन्दुक ९ (गुण) मीठीहै पचनेके समय कड़वीहै तेजहै वीर्यको बहुत पैदाकरै है बल करैहै पित्तको पैदा करै है वायुको कफको प्रमेहको औरकृमिको इतनेरोगोंको दूरकरैहै (पाठानाम) पाठा १ अम्बष्टा २ स्थापनिका ३ प्राचीनी ४ चटकीरसा ५ बरातिक्ता ६ पापचेली ७ श्रेयसी ८ विद्धकर्णिका ९ (गुण) गर्महै कड़वीहै तेजहै वायुको कफको शूलको -ज्वरको छर्दिको कुष्ठको अतीसारको दादको दाहको खुजलीको विषको दमेको कृमिको गोलेको उदररोग को फोड़ेको दूरकरैहै (मुरहरीनाम) मूर्वा १ देवी २ मधुरसा ३ देवश्रेणी ४ मधुश्रवा ५ स्निग्धपर्णी ६ पृथक्पर्णी ७ मोरका ८ पीलपर्णिका ९ जालिनी १० तंतबल्का ११ नन्दिनी पृथक्त्वचा १२ (गुण) सरहै भारीहै तेजहै पित्तको १ लोहू २ प्रमेहको ३ तीनों दोषोंको ४ प्यासको ५ और हृद्रोगको ६ खुजली को ७ कुष्ठको ८ ज्वरको ९ पित्तको १० वायुको ११ दूर करैहै पुष्टहै १२ मीठीहै १३ कफकरैहै दिलको कुव्वत करैहै १४ और कब्जहै और गोलेको दूर करैहै येगुणहैं (मंजीठनाम) मंजीष्ठा १ विजया २ रक्ता ३ रक्तांगी ४ कलिमेषिका ५ रक्तयष्टी ६ ताम्रवल्ली ७ समंगी ८ वस्त्रभूषणी ९ मंजुना १० विकसोभण्डी ११ छद्मिका १२ ज्वरनाशिनी १३ (गुण) मीठीहै कसैलीहै भारीहै गर्महै स्वर

को १ रंगको २ अच्छाकरैहै कफको ३ सूजनको ४ नेत्र-रोगको ५ रक्तअतीसारको ६ कुष्ठको ७ लोहूको ८ वि-सर्पको ९ फोड़ोंको १० प्रमेहको दूरकरैहै ११ और उसका सागदीपनहैमीठाहैचिकनाहै पित्तकोवायुकोखोताहै (अथहल्दीनाम) हारिद्रा १ रंजनी गौरी २ रजनी ३ पर-वर्णिनी ४ पिंडीपीता ५ वर्णवती ६ निशा ७ वर्णविला-सिनी ८ (गुण) कडुवीहै तेजहै रूखीहै गर्महै कफको पित्तकेरंगकोअच्छाकरैत्वचाकेदोषको दूरकरैहैप्रमेह-कोसूजनको पांडुरोगको फोड़ेकोदूरकरैहै (अथदारु-हल्दीनाम) दार्वी १ दारुहरिद्रा २ प्रीतिदारु ३ पञ्चपचा ४ कुटकटेली ५ पीतद्रुव ६ स्वर्णवर्ण ७ कटंकटी ८ (गुण) इस के गुणभी हल्दीके तुल्यहैं और विशेषकरके आंख व कान व मुँहके रोगोंको दूरकरतीहै (अथपवांड़नाम) प्र-पुन्ना १ एकगज २ चक्रमर्दम ३ कंडूघ्न ४ मर्दक ५ मेष ६ कुसुम ७ कुष्ठहृतन ८ (गुण) हलकाहै मीठाहै रूखाहै पित्तको १ वायुको २ कफको ३ दमेको ४ कुष्ठको ५ दादको ६ कृमि को दूरकरैहै ७ और दिलको कुव्वतकरैहै ८ ठंढाहै और फल उसका गर्महै कुष्ठको ९ खुजलीको १० दादको ११ विषको दूरकरैहै कुव्वत पैदा करैहै इसमें इतने गुणहैं (अथबाकुचीनाम) वाकुची १ चन्द्रिका २ सोमवल्ली ३ पूतिफला ४ वरा ५ सोमराजी ६ कृष्णफला ७ वल्गू-जा ८ कालमेषिका ९ (गुण) मीठीहै तेजहै पचनेकेस-

मयकड़वीहैरसायनीहैक़ाबिज़हैठंढीहै भोजनमेंरुचि उपजावैहै १ सरहैरदिलकोकुव्वतकरैहै ३ लोहूको ४ पित्तको ५जीतैहै, रूखीहै ६ कफको ७ दमेको ८ प्रमेह को ९ ज्वरको १० कृमिको दूरकरैहै ११ और उसका फलपित्तको पैदाकरैहै (अथभंगरानाम) भृंगराज१ मेषराज२मार्कव ३केशरंजन ४ अंगारक५भृंगा६सूर्य- बल्लभ७ (गुण) कड़ुवाहै १ तेजहै २ रूखाहै ३ गर्महै ४ कफ और वायुकोदूरकरैहै ५ भोजनकीरुचि उपजावै है ६ कुष्ठको १ आंखके २ शिरके ३ रोगोंको दूर कर- ताहै (अथपित्तपापड़ानाम) पर्पट १ कवचं २ रेणुपि- त्ताहा ३ यवकण्टक ४ वर्त्तिक्त ५ पर्पटकं ६ पृष्टां७ क- चर्म ८ कण्टक ९ (गुण) पित्तको१ लोहूको २ शिरके फिरनेको ३ प्यासको ४ कफको ५ ज्वरको ६ दाह को ७ इन सबरोगोंको दूरकरै है और ठण्ढा है १ क़ा- बिज़है २ तेजहै ३ वायुको पैदाकरैहै४ और हलका है५पित्तपापड़ में इतने गुणहैं और इतनी तासीरैं हैं (अथ पतिस नाम) अतिविषा १ शुक्लकन्दा२विषा३ प्रतिविषा ४ अपरा५ श्यामकन्दा६ शितांशृंगी ७ भंगुरी ८ उपविषा ९ णिकी १० (गुण) गर्महै १ पा- चनीहै२तेजहै३कफको १पित्तको२अतीसारकोजीतै है ३ (काकमांची नाम) काकमांची १ ध्वांक्षमांची २ कामीची ३ जगनफला ४ रसायनी ५ बरा६सर्व्वा-

तिक्त७किंकिनी ८ कटु९(गुण)तीनों दोषोंको १ सूजनको २ कुष्ठको ३ बवासीरको ४ ज्वरको ५ प्रमेहको ६ दूरकरैहै चिकनीहै १ गर्महै २ मीठीहै ३ वीर्यकोपैदा करैहै ४ दिलको कुव्वतकरै ५ रसायनी है ६ (अथ काकजंघानाम)काकजंघा१नदीकान्ता२काकतिक्ता ३ सुलोमशा ४ परावती ५ काकपदी ६मदध्या७कृमिणी ८(गुण) ठण्ढीहै १ रक्त २ पित्त ३ और कफको ४ और ज्वरको दूरकरतीहै ५ इतने गुणहैं (सणपुष्पीनाम (सणपुष्पी१ माल्यपुष्पी २ भावनी ३ सनघण्टिका४बृहत्पुष्पी५ स्वल्पघण्टा ६ घण्टाशब्दा ७ पुष्पिका ८ (गुण) कड़वीहै १ पित्तको२ कफको दूर करतीहै ३इतने इसमें गुण हैं (त्रायमाणानाम) त्रायमाणा१ सुहृत्त्राणा २ त्रायन्ती३गिरिसानुजा४बलभद्रा५ बृहत्त्राणा ६ वार्षिक ७ कप्यमालक ८ (गुण) सरहै १ औरपित्तको २ ज्वरको ३ कफको ४ लोहूको ५ और शूलको दूरकरैहै ६ (अथजालनाम) महाजालनिका १ चम्मरंगा २ पीतकीलका ३ आवर्तिका ४ विन्द्रुकिना ५भांडारी ६ रक्तपुष्पिका ७ (गुण) तेजहै १ जुल्लाब लावैहै २ कफको ३ पित्तको ४ दाहको ५ उदररोगको ६ पेटके अफरेको ७सूजनको ८कुष्ठको ९ कृमिको १० ज्वरकोदूरकरदेताहै ११ (अथसोधद्रुमनाम) रोधतिरीट १ कानान२तिल्लवक ३सत-

नाद्रुम ४ (गुण) जुल्लावहै १ मीठाहै २ नेत्रोंकोगुण करैहै ३ कफको ४ पित्तको ५ रक्तपित्तको ६ लोहू को ७ सूजनको ८ अतीसारको दूरकरैहै ९ कसैलाहै १० और फूलउसकामीठाहै ११ काबिज़है १२ तेजहै १३ कफके पित्तको दूरकरैहै १४ (अथ बिधारा नाम) वृद्धदारु १ महाश्यामा २ जांगली ३ दीर्घमूलक ४ उन्नकोटरपुष्पा ५ अवेंगी ६ छांगलांगी ७ (गुण) कसैलीहै १ गर्महै २ तेजहै ३ रसायनहै ४ कुव्वत करै है ५ वायुको ६ आमबातको ७ लोहूको दूरकरैहै ८ और सूजनको ९ प्रमेहको १० औरकफको ११ इतनेरोगोंको जीतै (अथदेवदालीनाम) देवदाली १ वृतकोश २ देवताड़ ३ गरागरी ४ जीमूत ५ तारकी ६ वेणीं ७ जालनी ८ आखुविषापहा ९ (गुण) तेजको १ कफ को २ बवासीरको ३ सूजनको ४ पाण्डुरोगको ५ क्षयीको ६ हुचकीको ७ कृमिको ८ ज्वरकोदूरकरैहै ९ और छर्दिको लावैहै १० (हंसपादीनाम) हंसपादी १ हंसपदी २ रक्तपदी ३ त्रिपादिका ४ प्रह्लादनी ५ कीटमारी ६ कीटनारी ७ मधुश्रवा ८ (गुण) भारीहै १ ठंढी है २ लोहूको ३ विषको ४ फोड़ों को ५ विसर्पको ६ दाहको ७ अतीसारको ८ लूतको दूरकरतीहै ९ और ज़खमको भरलावैहै १० (सोमवल्लीनाम) सोमवल्ली १ यज्ञमाता २ सोमक्षीरी ३ द्विजप्रिया ४ (गुण) तीनों

दोषोंकोदूरकरैहै १ कड़वीहै २ तेजहै ३ औररसायनीहै ४ (नाकुलीनाम) नाकुली १ सुवहा २ सर्पनेत्रा ३ चारितपत्रिका ४ (गुण) कसैलीहै १ तेजहै २ कड़वीहै ३ गर्महै ४ विषकों ५ लूतकोदूरकरैहै ६ (वटपत्रीनाम) वटपत्री १ मोहनी २ दीपनी ३ रेचनी ४ (गुण) कसैलीहै १ गर्महै २ स्त्रियों कीभगकेरोगोंको दूरकरैहै ३ औरउसकाफल बन्धेज कोहरै ४ वायुकोपैदाकरैहै ५ कफको ६ पित्तकोदूरकरैहै, (अथलजालूनाम) लजालू १ स्पृक्का २ प्रेदनी ३ दिति ४ गन्धकारिणी ५ नमस्कारी ६ समापत्री ७ समंगी ८ रक्तपादिका ९ (गुण) ठंढीहै १ तेजहै २ कसैलीहै ३ कफको ४ पित्तको ५ रक्तपित्तको ६ अतीसारको दूरकरतीहै ७ और भगके सम्पूर्ण रोगोंको दूर करतीहै ८ (अथमूसलीनाम) मूसली १ रचलनी २ तालपत्री ३ कांचनिपुष्पिका ४ महावृक्षा ५ वृक्षकंदा ६ खर्जूरी ७ तालमूलका ८ (गुण) मीठीहै १ गर्म्महै २ भारीहै ३ तेजहै ४ रसायनीहै ५ पुष्टाई करतीहै ६ मोटाकरती है ७ गुदाकेरोगोंको ८ वायुको दूरकरतीहै ९ (अथकोंचबीजनाम) कपिकच्छु १ स्वर्णगुप्ता २ कंदला ३ गुरुविग्रहा ४ चंडागुप्ता ५ लांगूली ६ मर्कटी ७ जहार्षभी ८ (गुण-बहुतपुष्टहै १ मीठीहै २ कुब्वतकरैहै ३ भारीहै ४ वीर्यको पैदाकरतीहै ५ बलकोपैदाकरैहै ६ और बादीकरणं बहुतहै ७ (जीवापोतानाम) पुत्रजीवा १ गर्भकर २ पुष्ट ३

पुष्पार्थसाधन ४ (गुण) भारीहै १ पुष्टहै २ गर्भकोदेने वालीहै ३ कफको ४ वायुको ५ पैदांकरैहै (कंकोड़ीबांझ कंकोड़ीनाम) बन्ध्याकर्कोटकी १ देवी २ कुमारी ३ विषनाशिनी ४ मनोज्ञा ५ नगदमंनी ६ वंध्या ७ योगेश्वरी ८ (गुण) हलकीहै १ तेजहै २ कफको ३ फोड़ेको ४ सर्पके विषको ५ विसर्पको ६ ज़हरको दूरकरतीहै ७ (विष्णु क्रांतानाम) विष्णुक्रांता १ नीलपुष्पी २ जया ३ पराजिता ४ (गुण) कड़वीहै १ बुद्धिकोबढ़ावैहै २ क्रमिको ३ फोड़ेको ४ कफको ५ दूरकरैहै (शंखाहूलीनाम) शंखाहूली १ शंखपुष्पी २ शंखनाम्नी ३ किरीटी ४ कंचुमालिनी ५ कण्डुपुष्पी ६ स्मृतीहिता ७ मेध्यावविलासनी ८ (गुण) बुद्धिकोबढ़ावैहै १ रसायनीहै २ कसैली है ३ गर्महै ४ औरस्मृतिकोबढ़ावैहै ५ और प्रमेहको दूरकरतीहै ६ (अथदूधीनाम) दुग्धिका १ मधुपर्णी २ क्षीरणी ३ स्वाहपुष्पिका ४ (गुण) गर्महै १ भारीहै २ रूखीहै ३ वायुकोपैदाकरैहै ४ कब्ज़करतीहै ५ मीठीहै ६ गर्भकरनेवालीहै ७ पुष्टहै ८ कफको १ कुष्ठको २ क्रमिको ३ इतनीबीमारियोंको दूधीखोतीहैइतनेगुणहैं (ऊंघाहोलीनाम) अर्कपुष्पी १ क्रूरकर्मा २ जलकामी ३ अतिरंडिका ४ (गुण) क्रमिको १ कफको २ प्रमेहको ३ चित्त के विकारकोजीतैहै ४ (भिलावांनाम) भल्लात १ कनल २ भल्ली ३ वीरवृक्ष ४ अग्निवक्कक ५ अरुंटक ६

अरुष्क७तपन८अग्निमुखी९धनु १०(गुण) कसैला है १ गर्महै २ मोटाहैं ३ हलकाहै ४ वीर्यको पैदाकरैहै ५ वीयुको ६ कफको ७ उदररोगको ८ अफरेको ९ कुष्ठको १० बवासीरको ११ संग्रहणीको १२ गोलेको १३ज्वरको १४मंदाग्निको १५कृमिको १६फोड़ेको१७ इतनेरोगोंको दूरकरैहै (चिरपोटानाम) चिरपोटा १ दीर्घपत्रा२कुंतली ३ तिक्तका ४ ये चार नामहैं (गुण) ठंढीहै१रूखीहै२भेदनीहै३दमेको४औरखांसीको खोवैहै५(अथगोमानाम)क्षेणीपुष्पी१श्वासवक्र२पालिंदी३कुंभयोनिका४क्षत्री५अतिक्षत्रका६द्रोकोंडिनी७ वृक्षसारक८(गुण)भारीहै१रूखीहै२मीठीहै३गर्महै४भेदनीहै५वायुक्पित्तकोपैदाकरैहै७कमलवायुको८ सूजनको९कफको१०कृमिको११इसतरहएकादशरोगोंको दूरकरतीहै(ब्राह्मीब्रह्ममंडकीनाम)ब्राह्मी१ सरस्वती २ सोमा ३ सत्यार्द्धा४ब्रह्मचारिणी ५मण्डूकपर्णी ६ मंडूकी७त्वीष्टीदिब्या ८अधिकपोतवंक९मानिका१० लावण्या ११ सोमवल्लरी १२ (गुण) ठंढीहै १ सर्द है २ मीठी है३हलकी है४बुद्धिको बढ़ावैहै ५रसायनी है ६ स्मृतिको बढ़ावै७कुष्टको८पांडुरोगको९प्रमहको१० ज्वरको ११ इतनेरोगोंकोदूरकरैहैऔरइतनेहीगुणमंडूकपर्णीमें हैं मण्डुकीब्राह्मीसमानहै (सौंचलीब्रह्म सौंचनीनाम) सुवर्चली १ अर्ककान्ता २ सूर्यभक्ता ३

सुस्वाँदुहा४सूर्यावर्त्त५रविप्रीता६ब्रह्मसुवर्चला७(गुण) भारीहै१ठंढीहै २मूत्रबहुतलावैहै ३ कफको४वायुको ५ कुष्ठको६प्रमेहको ७ पथरीको८सूजाकको९ज्वरको१० इतने रोगोंकोखोवैहै(मत्स्याक्षीनाम)मत्स्याक्षी१बाह्लिका २ मत्स्यमन्धी ३ मत्स्यादिनी ४ (गुण) काबिज़ है१ ठंढीहै २ कुष्ठको३पित्ताको ४ कफको ५लोहूको ६ हरैहै(जलपिप्पलकानाम)तोयपिप्पली १ अम्बुवल्ली २ तूरक ३ बड़ी ४ (गुण) दिलको कुव्वतदेयहै १आंखों को गुणकरैहै २ वायुको बढ़ावैहै ३ हलका है४काविज है५ठंढाहै ६ रूखाहै ७लोहूको ८ दाहको ९ फोड़ेको १० हरैहै(गोभीनाम)गोभी१गोजिह्वा २गोजिका३दर्विका ४ स्वरपर्णी ५ (गुण) वायुको पैदाकरैहै १ ठण्ढीहै२काबिज़है ३कफपित्तकोदूरकरैहै४दिलको कुव्वतदेयहै५ प्रमेहको ६वायुको७लोहू को८और ज्वरको दूरकरती ९और हलकीहै १०(नागदौननाम)नागाह्वी१नागदमनी २ गन्धा ३ भुजंगपर्णी ४(गुण) रंगको अच्छा करैहै १ लूतको२और सांपके ज़हरको दूरकरै है ३ (चिर्मटीके नाम) गुंजा १ शिखण्डिका २ ताम्रा ३ रक्तिका ४काकनन्तिका ५ स्वेनान्या ६ चित्तकी ७ चूड़ा ८दुमुखा ९ काकपोलुका १० (गुण) बालोंको बढ़ावैहै १ कुव्वतकरै है२भोजनकी रुचिउपजावैहै ३ पित्ताको४ कफको ५ नेत्ररोग को ६खुजलीको७फोड़ों

क़ो ८ कृमिको९बालोंके झड़जानेको१०कुष्ठको११इतने रोगोंकोखोवैहै पुष्टहै१२सफेदचिर्मटीकेगुणभीडसीके तुल्य हैं १३ (बरवेलि नाम) वेल्लतरं १ दीर्घपत्र् २ वीरद्रुम ३ वज्रदारक ४ (गुण) पथरी को १ कफको २ सोफ़को ३ वायुकेदर्दको दूरकरै है ४ क़ब्ज़ करैहै ५ (वृन्दाकनाम) वृन्दाक १ वृक्षरुहा २ गोशेर ३ कामवृक्षक ४ वृक्षादनी ५ कामतरु ६ कामित्सा ७ प्रदरोहिणी ८ (गुण) रूखी है १ कफको २ वायुको ३ लोहूको ४ फोड़े को ५ विषको दूरकरताहै ६ (पिण्डारनाम) पिण्डार १ करहाट २ तीक्ष्णकील ३ कुरंगक ४ (गुण) मीठी है १ ठंढी है २ सूजनको३पित्तको ४ औरं कफको ५ इतने रोगोंको हरैहै (नकछिकनीनाम) छिकाका१ तबक २ क्षुद्र ३ नासासंभेदन ४ पटु ५ (गुण) पित्त को पैदाकरैहै १ कुष्ठको २कृमिको ३ वायुको ४ कफको हरतीहै ५ (रोहेरुनाम) रोहीत १ दाड़िमीपुष्पी २ रोहित ३ कूटशाल्मली ४ प्लीहीर ५ रोहिणी६रोही ७ रक्तघ्न ८ पारिजातक ९ (गुण) सरहै १ गोले को २ कलेजेके तिल्ली की सूजनको ३ उदरके रोगोंको दूर करताहै ४ (मोचरसनाम) मोचक १ मोचरस २ सालौली ३ वेष्टकेसो ४ वनिर्य्या ५ संकपिच्छ ६ मोचस्रावी ७ चिश्रेष्टक ८ (गुण) ठंढा है १ क़ाबिज़ है२ भारीहै ३ अतीसारको ४ मरोड़ेको ५ आंवको ६

पित्ताको ७ और लोहूको ८ और दाहको ९ इतने रोगों कोदूरकरताहै (बबरीनाम) अजगन्धा १ वस्तिगन्धा २ कनरी ३ पूतिचर्चिका ४ (गुण) हलकीहै १ खाने की रुचिउपजावैहै २ दिलको कुव्वत करैहै ३ लोहूको ४ और कफको ५ और वायुको दूरकरतीहै ६ (पियांवासानाम) सोरेयक १ सहचर २ सोरेय ३ किंकरोत ४ कंदामी ५ सहचर ६ डिण्डीसौर्यक ७ मृदुकंटक ८ नीलार्त ९ गलंबाण १० उदनपाक्या ११ रक्तपुष्प १२ कुरवक १३ पर्तिं १४ कुरंटक १५ (गुण) कुष्ठको १ वायुको २ लोहूको ३ कफको ४ खुजलीको ५ विषकोदूरकरैहै ६ तेजहै ७ गर्महै ८ मीठाहै ९ बालोंको बढ़ावैहै १० चिकनाहै ११ (हरमलनाम) श्वेतस्यन्दा १ श्वेतपुष्पी २ कटभी ३ गिरिकर्णिका ४ शिता ५ पराजिता ६ श्वेता ७ विषघ्नी ८ मेहनाशिनी ९ नीलस्यन्दा १० व्यक्तगन्धा ११ नीलपुष्पी १२ गवादिनी १३ (गुण) श्वेतस्यन्दा दोनों ठंढी हैं १ औरग्रहोंकीदुष्टताको दूरकरैहैं २ गले को अच्छाकरै हैं ३ कुष्ठको ४ शूलको ५ त्रिदोषको ६ सूजनको ७ फोड़े को ८ बिषको दूरकरैहैं ९ (तालमखानानाम) इक्षर १ अक्षुरक २ धाण्ड ३ कोकिलाक्ष ४ क्षुर ५ तैलकंठ ६, तिक्षुरक्षु ७ वालिका ८ इक्षुगन्धिक ९ (गुण) ठंढाहै १ पुष्टहै २ भारीहै ३ वायुकेरोगको ४ लोहूको ५ दूरकरताहै ६ इतनेगुणहैं (क-

पासनाम) कपास १ प्रछद २ स्थूलं ३ छादन ४ वाग्द ५ पिचु६ (गुण) हलकाहै १ गर्महै २ वायुको दूर करैहै ३ उसकेबीज दूधको पैदा करैंहैं ४ पुष्टहै ५ चिक्कनीहै ६ कफको पैद करैहै ७ औरभारीहै ८ इतनेगुणहैं (आरामशीतलानाम) आरामशीतला १ देवगन्धा २ कुंष्कूर ३ मर्दक ४ (गुण) ठंढीहै १ कड़वीहै २ पित्तको ३ औरकफको ४ औरलोहूको ५ दूरकरैहै (करौंदानाम) कुक्कुरन्द १ ताम्रचूड़ २ सूक्ष्म पत्र ३ मृदुच्छद ४ (गुण) कड़वीहै १ तेजहै २ ज्वरको ३ लोहूको ४ व कफको ५ दूरकरताहै ६ (अथ वामीनाम) वामी १ शंखधर २ वारी ३ ब्रह्मी ४ हिसमा।चिक्रां ५ (गुण) सूजनको १ कुष्ठको २ पित्तको ३ कफको ४ इनसबरोगोंको हरैहै (बलामोटीनाम) बलामोटी १ जया २ सूक्ष्मपत्री ३ पराजिता ४ (गुण) वायुको १ कफको २ सूजाकको ३ दूरकरैहै औरविजयकोदेयहै ४ (शरपुंखानाम) शरपुंखा १ कालशाक २ प्लीहारि ३ कलिका ४ (गुण) कलेजा १ तिल्ली २ नासूर ३ ज़हर ४ खांसी ५ दमा ६ ज्वर ७ इतनोको दूरकरैहै तेजहै ८ कसैलीहै ९ हलकीहै १० इतनेगुणहैं (मोरशिखानाम) मयूरशिखा १ साहस्री २ मधुकक्षया ३ (गुण) हलकीहै १ पित्तको २ कफको ३ अतीसारको ४ तापतिल्लीको ५ गोलेको ६ बवासीरको ७ कलेजेकीसूजनको ८ उदर रोगको ९ कृमिको १० इतने रोगोंकोदूरकरतीहै (अथलक्ष्मण नाम) लक्ष्मणा १ पुत्रदा २ रक्तबिन्दु ३ पुत्रा ४ भा-

गिनी ५ (गुण) गर्भकी देनेवालीहै १ठंढीहै २पुष्टहै ३ त्रिदोषको दूरकरैहै४इतने गुणहैं (हड़सिंहारीनाम) अस्थिसंहार १कंबज्ञ २ वल्लरी ३ कोष्ठ ४ घण्टिका ५ वज्रांगी६ग्रन्थिमान्७अस्थिश्रृंखला८(गुण)ठंढीहै १ पुष्टहै२ वायुकोदूरकरैहै ३ हाड़ोंको बढ़ावैहै ४ इस प्रकारकेइसमेंगुणहैं(मांसरोहिणीनाम)मांसरोहिणी १ अतिरुहा २ वृंता३ चर्मक४ साकसा५ (गुण) पुष्टहै १ सरहै २ और तीनों दोषोंको यह औषध दूर करतीहै (दोनों आककेनाम) अर्क १ सूर्याह्वय २ क्षीरोसदा ३ पुष्प४ विकीरण५ मंदार ६ वस्तकोलर्क ७ राजाह ८ दीर्घपुष्पक ९ (गुण) दोनोंआक वायुको दूरकरतेहैं १ तापतिल्ली २ गोला ३ बवासीर ४ कलेजेकी सूजन ५ कफ६ उदररोग ७ कृमि ८ इतनेरोग आकसे जातेहैं (कनेरनाम) करवीर १ श्वेतपुष्प २ अश्वहा ३छतकुंभक ४ रक्तपुष्प५ पराचंड ६ करवीरक७ (गुण) कनेर दोनों आंखकीसूजनको १ और कुष्ठको २ फोड़ेको ३ कृमिको ४ खुजलीको दूर करै है ५ गर्महै ज़हरखाये हुए को पचाने के वास्ते असर करै है इतने गुणहैं (धतूरानाम) धतूरा १ कितव २ धूर्त्त ३ देवतामदन ४ शटंउन्मत्त५ मातुल६ तूरी७ तरलं८ कानकाह्वयः९ (गुण) नशाकरैहै १ रंगको अच्छाकरैहै २ अग्निको बढ़ावैहै३ छर्दिकोलावैहै४ ज्वरको १ कुष्ठको २ फोड़ेको

३ खुजलीको ४ कृमिको ५ विषकोहरैहै६ गर्महै भारी
है (कलिहारी) कलिहारी १ चिह्नमुखी २ लांगर्भपा-
तनी ३ विशाल्य ४ हलनाबीरा ५ प्रमदी ६ शुक्रपुष्प-
का ७ विद्युत्युक्त ८ अतिजिह्वा ९ पुष्पसंचरी १० वह्नि-
शिखा ११ अग्निका १२ नलपुरष्टिका १३ (गुण) सरहै
१ कुष्ठ २ सूजन ३ बवासीर ४ शूल ५ फोड़े ६ कृमि ७
इतने रोगोंको हरै है तेजहै गर्महै हलकी है पित्तको
पैदाकरैहै गर्भको गिरावैहै (घिकुवारनाम) कुमारी १
मंडला २ माता ३ गृहकन्या ४ अतिपिच्छला ५ रसा-
यनी ६ कंटकनी ७ सवरी ८ वनोद्भवा ९ (गुण) भेदनी
है ठंढीहै कलेजेको तिल्लीको १ सूजनको २ कफको ३
अग्निके फफोलोंको ४ लोहूको ५ और त्वचाके रोगों
को दूरकरैहै ६ इतनेरोगोंको हरैहै (भंगानाम) भंगा १
गंज २ मातुलानी ३ मोहनी ४ विजया ५ जया ६ (गुण)
तेजहै काबिज़ है हलकीहै तीक्ष्णहै गर्महै कफको दूर
करैहै १ अग्निको दीपन करैहै २ पित्तको पैदाकरैहै ३
मोहको ४ मदको ५ औरवाणीको बढ़ावैहै ६ भंगा में
यहगुण औरतासीरहैं (कांचनीनाम) कांचनी १ शोण
फलिनी २ काकायुकाकवल्लिरी ३ (गुण) दूधकोबढ़ावैहै
शिरकेरोगोंको १ और तीनोंदोषोंको दूरकरै है २ (दूब
नाम) दूर्वा १ शिष्य २ शीतकरी ३ गौलीभी ४ शांत-
पर्णिका ५ श्वेता ६ श्वेतदंडी ७ भार्गवी ८ दुर्मनी ९

रुही १० (गुण) ठंढीहै विसर्पको १ लोहूको २ पित्तको ३ कफको ४ दाहको ५ इतने रोगोंको खोतीहै (गंडदूब नाम) गंडदूर्वा १ मत्स्यगंधा २ मत्स्याक्षी ३ सकुलादनी ४ (गुण) लोहूद्राविणी हैं काबिज़ है हलकी हैं दाहको १ प्यासको २ लोहूको ३ पित्तको ४ और क्षयीको ५ इनको खोवैहै (मूंजनाम) मूंज १ छुर २ स्थूलदर्भ ३ बाणाहृ ४ ब्रह्ममेखला ५ (गुण) ठंढीहैबिसर्पको १ लोहूको २ मूत्राशयको ३ नेत्ररोगको दूरकरैहै ४ (नड़नाम) नल १ रंध्री २ पुष्पमृत्प ३ धमन ४ नेतक ५ पिटं ६ (गुण) मूत्रजोदर्दसेआताहो उसको १ दाहको २ लोहूको ३ पित्तको ४ कफको ५ विसर्पको दूरकरैहै ६ इतनेगुणकरैहै (बांसनाम) वंश १ वेणु २ कीचक ३ कर्मार ४ त्वची ५ सारक ६ (गुण) सरहै १ ठंढाहै २ पित्तको १ कफको २ दाहको ३ लोहूको ४ सूजनको करैहै और उसकीकरीरभारीहैभेदीहैकफकोपैदाकरैहैवायुपित्त को दूरकरैहै औरबांसकीजड़भेदकहै बहुतगर्महैकफ को दूरकरैहैवायुपित्तकोपैदाकरैहै (खुरासानीअजवाइननाम) जवानी १ जावनी २ नीव्रा ३ रुरुष्का ४ मदकारिणी ५ (गुण) पाचनीहै १ रूखीहै २ क़ाबिज़है ३ भारी है ४ (अथपोस्तनाम) तिलभेद १ स्वातिलं २ शुभ्रपुष्पल ३ स्टलफलं ४ (गुण) पुष्टहै १ बलकरैहै २ कफकोपैदाकरैहै ३ वायुकोजीतैहै ४ उसकेफलकावकलारूखाहै

औरसोखनहै येगुणहैं(अफीमनाम)आफूकः१तद्रसो-
अद्भुत२अहिफेन३मफेनिक ४(गुण)सुखावनेवाली
हैकाबिज़हैकफकोदूरकरैहैवायुको औरपित्तकोपैदा
करतीहैअफीममेंइतनेगुणहैं (छिलिहिण्डानाम) छि
लाहिंट१महामूल२पाताल३ गरुडाह्वय४(गुण)बहुत
पुष्टहै १ और कफको पैदाकरैहै २ वायुको दूरकरती
है३ इतने गुण हैं ॥

इति श्रीमदनपालविरचितेमदनविनोदनिघण्टे -
अभयादिवर्गःप्रथम ॥ १ ॥

(शुण्ठीनाम) शुण्ठी १ विश्वौषधी २ विश्व३कटु-
भद्र ४ कटुत्कट५महौषध ६ शृंगवेर७नागर८विश्व-
भेषज९(गुण)भोजनमें रुचि उपजावैहै१पुष्टहै२आ-
मवातको १ कफको२वायुको ३ कब्ज़को४ छर्दिको ५
दमको ६ खांसीको७शूलको ८ हृदयरोगको९पीलवे
को १० सूजनको ११ बवासीरको १२ अफरे को१३
उदररोगको १४ वायुको १४ इतने रोगों को दूरकरैहै
पाचनी है कड़वीहै हलकीहै चिकनीहै गर्महैपचनेके
समय कड़ुवास्वादहै(अथअद्रकनाम)आर्द्रक१शृङ्ग-
वेर२ तत्कन्द३औषध४(गुण) सोंठहीके तुल्य इसके
भी गुणहैं भेदनहै १ दीपनहै २ भारीहै ३ (मिर्चनाम)
मरिच १ बल्लिज २ तीक्ष्ण ३ मलिन ४ श्यामभूषण ५
(गुण) कड़वीहै१तेजहै २दीपनहै ३ गर्महै ४ रूखीहै ५

कफको १ वातको २ दूरकरैहै पित्तको पैदाकरैहै दमको १ खांसीको २ कृमिको ३ औरकच्ची मिर्च पचनेके समय मीठीहै बहुत गर्मनहींहै कड़वीहै भारीहै और कुछ एक तेजहै कफकोप्रमेहको दूरकरती है पित्तको पैदा करती है (पीपलनाम) पिप्पली १ चपला २ माला ३ मागधी ४ मगधा ५ कणा ६ कृष्णोपकुल्या ७ वैदेही ८ शौंडी ९ तीक्ष्णतकुला १० (गुण) दीपनहै पचनेकेसमय मीठीहैठंढीहैकड़वीहैचिकनीहैहलकीहैपित्तकोपैदा करैहै दस्तलावै है कफको १ बायुको २ दमेको ३ खांसी को ४ उदररोगको ५ ज्वरको ६ कुष्ठको ७ प्रमेहको ८ गोलेको ९ बवासीरको १० तापतिल्लीको ११ शूलको १२ आंवको १३ इतने रोगोंकोखोवै है और हरीपीपल कफकोपैदाकरैहै ठंढीहैमीठीहैऔरभारीहै (ऊषणच- तुरूषणनाम) सोंठि १ मिरच २ पीपल ३ येतीनों मिल के ऊषणकहावैहैं औरकटुकऔरकटुत्रयभीकहातेहैं औरचौथापीपलामूलभीपड़ैतौचतुरूषणकहावैहै (गुण) ऊषणदीपनहै दमेको १ खांसीको २ त्वचाकेरोगोंको ३ प्रमेहको ४ कफको ५ औरगठियाको ६ चर्वीके बढ़ने को ७ औरपीलियाको ८ औरपीनसको ९ इतनेरोगों कोदूरकरैहै (अथपीपलामूलनाम) कणामूल १ कटु- ग्रन्थी २ पिप्पलीमूल ३ ऊषण ४ षड्ग्रन्थि ५ ग्रन्थिक ६ मूलमाधकं ७ चटिकाशिर ८ (गुण) दीपन है १

कडुवीहै २ गर्महै ३ पाचनहै ४ रूखीहै ५ पित्तकोपैदा करैहै ६ भेदीहै ७ कफको१वायुको २ उदररोगको हरैहै ३ (चाबनाम) चव्य १ चव्यन २चविका ३ कोमवल्लि-का ४ (गुण) इसकेगुणभीपीपलामूलकेतुल्यहैंपरन्तु विशेषकरके गुदाकेरोगोंको दूरकरतीहै इतनेगुणहैं(ग-जपीपलनाम) तत्फल१श्रेयसी २हस्तिमागधी ३ गज पिप्पली ४गजकृष्णा५ (गुण) कडुवीहैगर्महै वायुको१ कफको२ अतीसारको ३ दमेको ४ खांसीको ५ गलेके रोगोंको ६ कृमिको ७ इतने रोगोंको खोवैहै अग्निको बढ़ावैहै(चीतनाम) चित्रक१हुतभुग्२व्याल३दारुण४ दहनोद्दय५अग्निपाठी६हविपाली७वह्निनाभा८(गुण) पचनेकेसमयकडुवाहैहलकाहैरूखाहैगर्महैकाबिज़है पाचनहैअग्निकोपैदाकरैहैसंग्रहणीको १ कुष्ठको२सू-जनको ३ बवासीरको ४कृमिको५खांसीको ६ कफको ७वायुको ८इतनेरोगोंकोहरैहै औरइसकासागकफको हरैहैऔरपित्तकोजीतैहैइतनेगुणहैं (पंचकोलषड्रूषण नाम) पीपल१पीपलामूल २ चाब ३ सोंठि४चीता५इन पांचोंकोमिलाकेपंचकोलकहाताहै(गुण)कफको १अफ रेको२गोलेको३अरुचिको४इनसबकोदूरकरैहैऔरजो इनमेंछठी मिर्चभीपड़ेतो षड्रूषणकहावैहै (सौंफबड़ी सौंफनाम) शतपुष्पा १ शिता २ घोषा ३ शता ४ ह्री-ष्करां ५ विमिस ६ अवाकुंपुष्पी ७ अतिचिप्रा ८सेति-

कामा ९ मागधा १० परा ११ (गुण) हलकीहै तेज हैपित्तको पैदाकरैहै दीपनीहै गर्म्महै कड़ुवीहै ज्वर को १ वायुको २ कफको ३ फोड़ेको ४ शूलको ५ शिरके रोगोंको दूरकरैहै ६ और सफेद सौंफके गुण भी इसी के तुल्य हैं और विशेषकरिके भगके रोगोंको दूर करतीहै सफेदसौंफमें यह अधिकताहै (सोयानाम) मिश्रेया १ मिशि २ शालीना ३ शालीशाता ४ शिवा ५ (गुण) दीपनीहै गर्म्महै दिलको कुव्वत करैहै विष्टाके बन्द होनेको १ कृमिको २ कुष्ठको ३ दूरकरै है रूखाहै उसका फल खांसीको १ छर्द्दिको २ कफको ३ वायुको ४ जीतैहै (मेथीवनमेथीनाम) मथिका १ बारति २ शिलु ३ रोहित्थ ४ वनमेथिका ५ (गुण) दीपनी है १ दिलको कुव्वतदेवै है २ विष्ठाकेकृमिकोदूरकरती है १ शूलको २ वीर्यको ३ गोलेको ४ वायुको ५ दूर करती है कफके दूरकरनेमेंबड़ाअसर रखती ६ (अजमोदानाम) अजमोदा १ अत्युग्रगन्धा २ मोदाहस्तिमथूरक ३ खराह्वा ४ कारवी ५ वल्ली ६ स्तिमोदी ७ कर्कट ८ (गुण) कड़ुवा है तेजहै दीपनहै कफको वायु को दूरकरैहै गर्महै विदाहनी है दिलको कुव्वत करैहै पुष्टहै मलको बांधैहै हलकीहैनेत्रकेरोगोंको कृमिको छर्दिकोमूत्राशयकेरोगोंकोदूरकरैहैअजमोदामेंइतने गुणहैं(सफ़ेदजीरास्याहजीराकलौंजीनाम) जीरकं १

दीर्घकं २ध्रुलकं३ अजाजीकणजरक४जरण ५कृष्ण ६ वर्षाकाली ७ सुगन्धिका ८ कालिका ९वाप्पिका १०कुंची ११ कारवी १२ उपकुंचिका १३ पृथ्वीका १४ सुसुवा १५ पृथ्वीस्थूला १६ जाजा १७ उपकालिका १८ (गुण) तीनोंजीरे रूखेहैं कडुवेहैं गर्महैं दीपनहैं हलके हैं काबिज़हैं पित्तको पैदाकरेहैं बुद्धिको बढ़ावैहैं बच्चेदानीको शुद्धकरैहैं,नेत्रोंकोगुणकरैहैं वायुको१अफरेको२ गोलेको३ छर्दिको ४ मुखसे पानी बहनेकोहरैहैं ५ (अजवाइननाम)जवानी१दीपकं२दीप्य३नीपनीया ४ जवानिका५ जवासाह्वा ६उग्रगन्धा७जवाह्वा८भूकदेवाक९ (गुण) पाचनीहै भोजनमें रुचिउपजावै है तेजहैगर्महै कडुवी है हलकीहै वायुको १ कफको २ उदररोगको ३ अफरेको ४ गोलेको ५ शूलको ६ कृमिको ७ जीते हैं (किरमाला नाम) जवानिया १ जवानी २छोहरजतुनाशनं ३ (गुण) इसकेभीगुणअजवाइनकेतुल्यहैंविशेषकरकृमिकोहरै (बबरीनाम) अजगन्धा१ पूतिकीटी२बबरी ३ पूतिबर्वर४ कारवी ५ खरपुष्पा ६ तुंगी७ पूतिमयूरिका८ (गुण) कड़वीहै १ तेजहै२रूखीहै ३दिलकोकुव्वतकरैहै ४अग्निकोदीप्त करैहै५दृष्टिकोमन्दकरैहै ६वायुको ७वीर्यको८कफको दूरकरतीहै९ इतनेइसमेंगुणहैं (वचनाम) वच१ उग्रगन्धा २ गोलोमा ३ षड्गुथा ४ जटिला५ पर्वा ६लोम-

सा ७ हेमवृत्ती ८ (गुण) गर्म है १ तेजहै २ कड़वीहै ३ छर्दिलावेहै ४ कंठकीआवाज़साफ़करैहै ५ अग्निकोदीप्तकरैहै ६ औरमृगीको ७ कफको ८ उनमादको ९ भूतकी छायाको १० शूलकोजीतैहै ११ (आहूबेरनाम) हबुधा १ विबुधा २ विश्वांबिगन्धा ३ विश्वगन्धिका ४ श्वेतफला ५ ध्वांक्षीनाशिनी ६ मत्स्यगन्धिका ७ (गुण) दीपिनीहै १ तेज़है २ कड़वी ३ गर्महै ४ कसैलीहै ५ भारीहैपित्तको ७ उदररोगको ८ वायुको ९ बवासीरको १० संग्रहणीको ११ गोलाको १२ शूलकोहरैहै १३ (बिडंगनाम) बिडंग १ जन्तुहनन २ कृमिघ्नं ३ क्षुद्र ४ तन्दुला ५ भूतन्दुला ६ घोंषा ७ कराल ८ मृगगामिनी ९ (गुण) कड़वीहै १ तेजहै २ गर्महै ३ रूखीहै ४ अग्निकोपैदाकरैहै ५ हलकीहै ६ शूलको ७ अफरेको ८ उदररोगको ९ कृमिको १० बायुबंदहोनेकोहरैहै ११ (धनियानाम) धानक १ धान्यक २ धान्यं ३ धनिया ४ वितुन्य ५ ककुस्त ६ बुह ७ दन्तुधानी ८ धानेय ९ कालिका १० (गुण) कसैलीहै १ चिकनीहै २ पुष्टनहींहै ३ मूत्रकोबहुतलावैहै ४ दिलकोकुव्वतकरैहै ५ भोजनमेंरुचिउपजावैहै ६ बिष्ठाकोबन्दकरैहै ७ पाचनहै ८ दमेको ९ खांसीको १० लहूको ११ प्यासको १२ बवासीरको १३ कृमिको १४ दूरकरैहै हरेधनियेकेगुणभी इसीकेतुल्य हैंविशेषपित्तकोहरैहै (हिंगुपत्रानाम) हिंगुपत्री १ पृथुस्तन्वी २ पृथ्वीका ३ चारुपत्रिका ४ बाप्पिका ५ कारवी ६

पत्री।विल्वका७जन्तुका८रांमठीं९नाडी १० हिंगुफला ११(गुण)हिंगुपत्रीदोनोंदिलको १औरमूत्राशयकेरोग को२कुब्जको३बवासीरको४कफको ५ गोलेको ६ वायु को७हरैहै(हिंगुनाम)हिंगु १बाह्लीक२अत्युग्र३रामठ४१ भूतनाशन५गूढगन्ध ६ जन्तुक७शूलनाशन ८(गुण) गर्महै १पाचनहै२भोजनमें रुचिउपजावैहै ३ तेजहै ४ कफको ५ वायुको ६शूलको७गोलेको८उदरके रोग को९अफरेको१०कृमिको११इतने रोगोंको दूरकरै- है पित्तको बढ़ावैहै१२(बंशलोचननाम)बंशजा १ बे- णुवा२क्षीरी३त्वगक्षीरी ४ बंशलोचन ५ तुगाक्षीरी ६ तुगाबंशी७बंशक्षीरी ८ शुभ्रासिता ९ (गुण) बलको बढ़ावैहै१पुष्टहै२ठंढाहै३मीठाहै ४ प्यासको ५ क्षयी को ६ ज्वरको७दमेको८खाँसीको९पित्तको१०लोहे को११खोताहै और कमलबायुको१२स्नायुको१३दूर करताहै(सेंधवनाम)सैंधव१सिन्धुज२शुद्ध३मणिम- न्थ४पटु५त्तम५(गुण)मीठाहै१दिलकोकुव्वकरैहै२दी- पनहै३ठंढाहै४हलकाहै५आँखोंकोगुणकरैहै६पाचनहै ७चिकनाहै८और पुष्टईकरताहै९तीनों दोषोंको दूर करताहै१०(सोंचरनाम)सोंचर१बलं२सुगंधा३रुचिक४ रुष्टिगंधिक५ (गुण) अग्निको बढ़ावैहै १ कडुवाहै २ गर्महै ३निर्मलहै ४ हलकाहै ५ डकारशुद्धलावैहै ६ कब्जको७अफरेको८शूलको९जीतैहै(बिड़नामानि)

बिड़ १ कृत्रिम २ यौक्यं ३ धूर्त्तेन्द्री ४ बिड़मासुर ५ (गुण) हलकाहै १ गर्महै २ काबिजहै ३ शूलको ४ हृद्रोगको ५ अरुचिको ६ अफरेको ७ कफको ८ दूरकरताहै बारीक स्थानोंमें जोबायुरुकरहीहोयंतिसको निकासैहै (सामुद्रलोननाम) सामुद्र १ वारिज २ भूतमक्षी ३ वशिर ४ (गुण) दीपनहै १ मीठाहै २ बहुतगर्मनहींहै ३ भेदनहै ४ कड़ुवाहै ५ कफको पैदाकरैहै ६ बायुको दूरकरैहै ७ तर है ८ रूखा नहीं है ९ पित्तकी बीमारीको कुछ एक पैदा करताहै १० (उद्भिदलोननाम) उद्भिद १ भूमिज २ भौम ३ पार्थिव ४ पृथ्वीभव ५ (गुण) लोहूको पैदा करैहै १ हलकाहै २ बायुके रोग को हरैहै ३ (खारी नाम) क्षीर १ पाशुभव २ स्वौंष ३ ऊषरपा ४ शव ५ वसु ६ (गुण) भारीहै १ कड़ुवाहै २ चिकनाहै ३ कफको पैदाकरैहै ४ बायुको हरैहै ५ (कचलोननाम) काच १ त्रिकूट २ पाकाद्य ३ लवण ४ काचसम्भव ५ (गुण) दीपनहै १ बहुतगर्महै २ लोहूको ३ और पित्तको ४ बढ़ावैहै (यवाखारसानीनाम) यवाखार १ स्वूक्यपाक्य २ यवसूक ३ यवाग्रज ४ सर्जिक ५ स्वर्जिका ६ पाक्या ७ सुवर्चिका ८ सुवर्चि ९ (गुण) यवाखार अग्निको पैदा करैहै १ बायुको २ कफको ३ दमेको ४ गलेके रोगोंको ५ आंवको ६ बवासीरको ७ संग्रहणीको ८ गोलेको ९ कलेजेकी सूजनको १० तापतिल्लीको ११ जीतैहैजासी।

में इससेथोड़ेगुणहैंविशेषंकरकेगोलेऔरशूलकोहरे
है (सुहाग़ानाम) टङ्कण१मालतीजात२द्रीवी३लोहबि-
शुद्धद.४ (गुण) अग्निको पैदाकरैहै१रूखाहै२कफको
३ दूरकरैहै और बायुको४पित्तको५करैहै (शुद्धक्षार
नाम)सुधा१अमृताह्वय २सौधभूषण३कटुशर्करा४
सुधाक्षीर ५ अग्निसकाश ६ पाकी ७ कुंदी ८विदीर्ण९
(सर्बक्षारनाम)पलाश१तिलनागर२दंष्ट्रका३कदलीभ-
वा४अपामार्ग५अर्कसेहुंड६मोप्यकादिसमुद्भवा७(गु
ण)सारक्षारअग्निकेसमानहै१पाचनहै२तेजहै३हलका
है४गलावनेवालाहै५लोहू६पित्तको७पैदाकरैहैकाबिज
है ८तीक्ष्णहै९वीर्यको१०ओजको११दृष्टिकोनाशकरैहै
१२ अफरा१३पीनस१४कलेजे १५ तिल्लीकीसूजन १६
मुँहमें पानी बहनेको १७आंवको१८गोलेको १९ब-
वासीरको २० संग्रहणीको२१ दूरकरैहै ॥

इतिश्रीआनन्दपालविरचितेनिघण्टे
शुंठ्यादिवर्गोद्वितीयः २॥

(अथ कपूरनाम) कपूर १ स्फटिक २चन्द्रसिता३
श्राहिमवालुका४ हिमोपमंशीतरज५भूतीक६हिमा-
ह्वय७ (कपूरकेगुण) शीतलहै१पुष्टहै २ नेत्रोंकोगुण
करैहै३लेखनहै४हलकाहै५कफकेमुँहकेबुरेस्वादको६
दादको ७ चर्बीकीसूजनको ८ दूरकरताहै और ज़हर
९भी हरताहै इतनेगुणहैं (कस्तूरीकेनाम) कस्तूरिका

१मृगमद २ बेधमुख्या ३ मृगांडज ४ मृगनाभिस्थ ५ और दूसरीलताकस्तूरिकामदं (गुण) वीर्यकोपैदाकरे है १गरमहै २जहरको ३छर्दिको ४दुर्गंधको ५बायुको ६ दूरकरैहै नेत्रोंको गुणकरैहै ७और लवंगकस्तूरिकाके भी गुणयहीहैं (जवादिनाम) मार्जारी १पूतिका २पूतीबचं ३ गंधबेलिका ४ (गुण) छर्दिको खोवैहै १आँखोंको हितहै २कफको ३बायुको ४जीतैहै (चंदननाम) चंदन १ तिलपर्णी २महार्ह ३श्वेतचंदन ४भटश्रिय ५मलयज ६ गोशीधशारक ७ (गुण) ठंढाहै १रूखाहै २ तेज़है ३ खुशीकोउपजावैहै ४हलकाहै ५दिलकोकुव्वतकरै ६ रंगकोअच्छाकरैहै ७जहरको ८ कफको ९प्यासको १० पित्तको ११लोहूको १२दाहको १३हरैहै (रक्तचंदननाम) रक्तचंदन १ उद्दिष्टलोहित २ क्षुद्रचंदन ३ ताम्रसार ४ रक्तसार ५ज्योतिः ६सोमरञ्जन ७ (गुण) ठंढाहै १भारी है २मीठाहै ३छर्दिको ४प्यासको ५लोहूको ६पित्तको ७ जीतैहै तेजहै ८ नेत्रोंकोगुणकरै है ९पुष्टहै १० ज्वरको ११ फोड़ेको १२और ज़हरको १३ दूरकरैहै (मलयचंदननाम) कालीयक १पीतसार २पीतानारायणप्रिय ३ (गुण) इसकेभीगुणरक्तचन्दनकेहीतुल्यहैं कमज्यादानहींहैं (कृष्णअगरनाम) कृष्णअगरु १अगरु २राजार्ह ३विश्वरूपक ४जांगल ५शीतमणित ६ कृमिजग्धा ७ अनाजक ८ (गुण) गर्महै १ कान २और नासिका ३और